SarkariExam.com

बी. एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2016

## वाणिज्य वर्ग

# हल प्रश्न-पत्र

(स्मृति पर आधारित)

## प्रथम प्रश्न–पत्र

### खण्ड 'अ' : सामान्य ज्ञान

1. कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में स्थित है?
(A) उमरिया (B) शिवपुरी
(C) मण्डला (D) पन्ना/छतरपुर

2. ऐतिहासिक नगर उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?
(A) नर्मदा (B) चम्बल
(C) क्षिप्रा (D) बेतवा

3. रक्त का रंग लाल क्यों होता है?
(A) प्लेटलेट के कारण (B) श्वेत रक्त कणिकाओं के कारण
(C) ऑक्सीजन के कारण (D) हीमोग्लोबिन के कारण

4. सांची स्तूप के शिलालेख किस लिपि में हैं :
(A) ब्राह्मी (B) प्राकृत
(C) भोजताल (D) होल्कर

5. भारत ने राजस्थान में जिस स्थान पर अपना न्यूक्लियर परीक्षण किया था, वह है :
(A) जयपुर (B) उदयपुर
(C) पोखरण (D) अजमेर

6. निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाश का रंग निर्धारित होता है?
(A) इसके आयाम पर (B) इसके तरंगदैर्घ्य पर
(C) इसकी तीव्रता द्वारा (D) इसके वेग द्वारा

7. प्रोटीन के पाचन में सहायक एन्जाइम है :
(A) यूरिएज (B) सल्फेटेज
(C) ट्रिप्सिन (D) प्रोटिएज

8. बेलूर मठ किस संस्था का मुख्यालय है?
(A) आर्य समाज (B) रामकृष्ण मिशन
(C) सेवाश्रम (D) इनमें से कोई नहीं

9. अखिल भारतीय कालिदास समारोह का आयोजन कहां होता है?
(A) मध्य प्रदेश (B) राजस्थान
(C) बिहार (D) उत्तर प्रदेश

10. सार्वजनिक और निजी क्षेत्रक किस आधार पर विभाजित है?
(A) रोजगार की शर्त (B) आर्थिक गतिविधि का स्वभाव
(C) उद्यमों का स्वामित्व
(D) उद्यम में नियोजित श्रमिकों की संख्या

11. किस जाट नेता ने अकबर की कब्र को लूटा था?
(A) राजाराम (B) चूरामन
(C) गोकुला (D) इनमें से कोई नहीं

12. आलू का प्रमुख रोग झुलसा निम्न में से किसके कारण होता है?
(A) जीवाणु (B) फफूंद
(C) विषाणु (D) जस्ता की कमी से

13. भारत में आधुनिक प्रेस की स्थापना विलियम बोलट्स के द्वारा कब की गयी?
(A) 1866 में (B) 1816 में
(C) 1766 में (D) 1750 में

14. कितनी बार पण्डित जवाहरलाल नेहरू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने?
(A) 2 बार (B) 3 बार
(C) 4 बार (D) 5 बार

15. देश की सबसे बड़ी सहकारी 'आनन्द डेयरी' कहां पर स्थित है?
(A) गुजरात में (B) हरियाणा में
(C) पंजाब में (D) उत्तर प्रदेश

16. पहले न्यूक्लीयर रिएक्टर के निर्माण का श्रेय किसको जाता है?
(A) नील्स बोहर (B) फर्मी
(C) आइन्सटाइन (D) ओपनहेमर

17. निम्नलिखित में से कौन–सी एक व्यापारिक फसल है?
(A) कपास (सूत) (B) बाजरा
(C) ज्वार (D) धान

18. रबीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित कहानी का नाम बताइए :
(A) अन टू द लास्ट (B) अल–बालाघ
(C) आकाश (D) काबुलीवाला

19. सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे महत्वपूर्ण लक्षण क्या था?
(A) दग्ध ईंटों से बनी इमारतें
(B) प्रथम सही कमान
(C) धर्मस्थल
(D) कला और वास्तुकला

20. बुद्ध के उपदेश का सम्बन्ध मुख्यरूप में............से था।
(A) एक ही भगवान में भरोसा
(B) रस्मों का पालन
(C) विचार और आचार की शुद्धता
(D) आदर्श पूजा

21. महावीर स्वामी का प्रथम शिष्य कौन था ?
(A) जमाली (B) चार्वाक
(C) भद्रबाहु (D) स्थूलभद्र

22. इनमें से एक संगीतमय माना जाता है :
(A) ऋग्वेद (B) अथर्ववेद
(C) यर्जुवेद (D) सामवेद

SarkariExam.com

SarkariExam.com

23. टैंगुप दर्रा भारत को किस देश के साथ जोड़ने वाला पर्वतीय मार्ग है?
(A) अफगानिस्तान (B) चीन
(C) पाकिस्तान (D) म्यांमार

24. नागार्जुन सागर परियोजना किस नदी पर स्थित है?
(A) कृष्णा (B) कावेरी
(C) महानदी (D) गोदावरी

25. नाइटिंगेल ऑफ इण्डिया के नाम से किसे पुकारा जाता था?
(A) विजय लक्ष्मी पण्डित (B) मदर टेरेसा
(C) सरोजिनी नायडू (D) इन्दिरा गांधी

26. लीरा किस देश की मुद्रा है?
(A) ईरान (B) इराक
(C) इटली (D) दक्षिण अफ्रीका

27. चन्द्रमा पर पैर रखने वाला प्रथम व्यक्ति कौन था?
(A) यूरी गागरिन (B) नील आर्मस्ट्रांग
(C) एलन शेफर्ड (D) राकेश शर्मा

28. सरकारिया आयोग का गठन किया गया था :
(A) पंजाब समस्या के समाधान के लिए
(B) केन्द्र–राज्य के सम्बन्धों की जांच के लिए
(C) कावेरी जल विवाद के समाधान के लिए
(D) सार्वजनिक उपक्रम जांच के लिए

29. राजा राममोहन राय............से सम्बन्धित नहीं थे।
(A) सती निषेध (B) विधवा पुनः विवाह
(C) अंग्रेजी प्रोत्साहन (D) संस्कृत शिक्षा

30. फ्रांसीसी ईस्ट इण्डिया कम्पनी का निर्माण किसके शासनकाल में हुआ था?
(A) लुई तेरहवां (B) लुई चौदहवां
(C) लुई पन्द्रहवां (D) लुई सोलहवां

31. 'हड्डीतोड़ ज्वर' को सामान्यतः क्या कहते हैं?
(A) आन्त्रज्वर (B) नासा–शोथ
(C) पीतज्वर (D) डेंगू

32. वान डे ग्राफ जनित्र का उपयोग किया जाता है :
(A) आवेशित कणों को त्वरित करने के लिए
(B) वृहत् धारा जनन के लिए
(C) विद्युत् क्षेत्र जनन के लिए
(D) उच्च–आवृत्ति वोल्टता जनन के लिए

33. डी. एन. ए. अंगुलिछापन और नैदानिक शोध केन्द्र (Diagnostics Research Centre) अवस्थित है :
(A) पुणे में (B) नई दिल्ली में
(C) हैदराबाद में (D) कोलकाता में

34. इनमें से उष्णकटिबन्धीय हरित वन का कौन–सा क्षेत्र है?
(A) पश्चिमी घाटी (B) पूर्वी घाटी
(C) पश्चिमी हिमालय (D) मध्य प्रदेश

35. पोलियो वाइरस मानव शरीर में कहां पर पलता और बढ़ता है?
(A) यकृत में (B) फेफड़ों में
(C) छोटी आंत में (D) मुख में

36. 'इस्पात का चौखट' निम्न में किसको कहा गया?
(A) अंग्रेजों का भारत में शासन (B) भारतीय नागरिक सेवा
(C) भारतीय रेलवे (D) भरतीय डाकतार विभाग

37. वाष्पोत्सर्जन (Transpiration) में पौधे का कौन–सा अंग भाग लेता है
(A) जड़ (B) तना
(C) पत्तियां (D) फल

38. श्वसन के दौरान ऊर्जा कहां पैदा होती है?
(A) पर्णहरित में (B) माइटोकॉण्ड्रिया में
(C) डी. एन. ए. में (D) आर. एन. ए. में

39. आर. एन. ए. (RNA) में कौन–से नाइट्रोजनी आधार नहीं पाए जाते है
(A) थायमिन (B) यूरेसिल
(C) एडिनिन (D) ग्वानिन

40. संसाधन का मूल्य किस पर निर्भर करता है?
(A) मात्रा (B) गुणवत्ता
(C) समाज की आवश्यकता (D) ऊर्जा का अंश

41. निम्नलिखित में से कौन ऊर्जा का नवीकरणीय स्रोत है?
(A) पेट्रोल (B) प्राकृतिक गैस
(C) जैव गैस (D) मिट्टी का तेल

42. अधिकार निष्प्रभावी करने का आदेश प्राप्त करने के लिए उ न्यायालय/सर्वोच्च न्यायालय के निम्नलिखित में से किस याचिका/आदे की आवश्यकता होती है?
(A) परमादेश (B) उत्प्रेषण–लेख
(C) अधिकार पृच्छा (D) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

43. भारत में, एकल नागरिकता का विचार कहां से अपनाया गया है?
(A) इंग्लैण्ड (B) अमरीका
(C) कनाडा (D) फ्रांस

44. 'बिजनेस@स्पीड ऑफ थॉट' का लेखक कौन है?
(A) डिक फ्रांसिस (B) जॉन ग्रे
(C) बिल गेट्स (D) डेविड बाल्डेसी

45. कांग्रेस का सातवां अधिवेशन कहां आयोजित हुआ था?
(A) ग्वालियर 1891 (B) नागपुर 1891
(C) बम्बई 1891 (D) बंगाल 1891

46. 88 वें ऑस्कर अवार्ड, 2016 में किसने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्का प्राप्त किया?
(A) इनारितु (B) ओवेद चिनाय
(C) लियोनार्डो डिकैप्रियो (D) लीब श्रीवर

47. जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम, 2015 के अनुसार, जघन्य अपराध नाबालिग अपराधियों की आयु 18 वर्ष से घटाकर कितने वर्ष कर दी है?
(A) 17 वर्ष (B) 16 वर्ष
(C) 15 वर्ष (D) 14 वर्ष

48. उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2016-17 को घोषित किया है :
(A) किसान वर्ष (B) किसान एवं युवा वर्ष
(C) ग्रामीण विकास वर्ष (D) युवा वर्ष

49. पॉक्सो ई–बॉक्स का सम्बन्ध निम्न में से किससे है?
(A) शिशु सुरक्षा (B) बाल यौन शोषण
(C) किशोर स्वास्थ्य (D) महिला यौन शोषण

50. 13वें दक्षिण एशियाई खेलों का आयोजन वर्ष 2019 में किस देश होगा?
(A) श्रीलंका (B) बांग्लादेश
(C) अफगानिस्तान (D) नेपाल

SarkariExam.com

SarkariExam.com

## खण्ड 'ब' : भाषा (हिन्दी)

51. 'अधजल गगरी छलकत जाय' इस कहावत का अर्थ है :
(A) गगरी भरी न होने के कारण छलकना
(B) अल्प ज्ञान पर इतराना
(C) ज्ञान प्रदर्शन करना
(D) अज्ञान प्रकट करना

52. 'मनोयोग' शब्द किस सन्धि से बना है?
(A) वृद्धि सन्धि (B) अयादि सन्धि
(C) व्यंजन सन्धि (D) विसर्ग सन्धि

53. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म विपरीतार्थक है?
(A) अज्ञ-प्रज्ञ (B) ज्ञानी-विज्ञ
(C) मयंक-मृगांक (D) पादप-विटप

54. विमुख का विलोम शब्द है :
(A) अमुख (B) उन्मुख
(C) प्रमुख (D) इनमें से कोई नहीं

55. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद किए जाते हैं?
(A) दो (B) एक
(C) आठ (D) बीस

56. 'चन्द्रमौलि' शब्द किस समास से बना है?
(A) बहुव्रीहि (B) द्वन्द्व
(C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष

57. द्वन्द्व समास होता है :
(A) जिसका पूर्व पद प्रधान हो।
(B) जिसके सभी पद प्रधान हों।
(C) जिसका दूसरा पद प्रधान होता है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

58. कौन-सा शब्द तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है?
(A) गगनचुम्बी (B) पददलित
(C) बलहीन (D) खानपान

59. तद्‌भव शब्द कौन-सा है?
(A) अमरूद (B) आमदनी (C) ऑफिस (D) अनमोल

60. 'अक्ष' शब्द का अर्थ नहीं होता है :
(A) चक्र (B) पासा (C) धुरी (D) ब्रह्म

61. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
(A) पराजय (B) पराधीन (C) पराक्रम (D) पराभव

62. अज्ञ का विलोम है :
(A) अल्पज्ञ (B) बहुज्ञ (C) सर्वज्ञ (D) भिज्ञ

63. असंगत पर्यायवाची है :
(A) ईर्ष्या का (B) दाह का
(C) जलन का (D) मनमुटाव का

64. जिस विकारी शब्द के प्रयोग से हम किसी वस्तु के विषय में कुछ विधान करते हैं उसे कहते हैं :
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया (D) विशेषण

65. विद्यालय में अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र किसे सम्बोधित कर लिखा जाता है?
(A) प्रधानाध्यापक (B) कक्षा अध्यापक
(C) निरीक्षक (D) कक्षा प्रतिनिधि

66. विद्युत् आपूर्ति में बार-बार आने वाली बाधा को दूर करने के लिए प्रकार का पत्र लिखा जाएगा?
(A) प्रार्थना-पत्र (B) निजी क्षेत्र
(C) शिकायती-पत्र (D) व्यावसायिक-पत्र

67. इनमें से निबन्धकार के रूप में कौन चर्चित रहा है?
(A) विद्यानिवास मिश्र (B) मोहन राकेश
(C) शंकर शेष (D) कमलेश्वर

68. 'कल्पलता' किसके निबन्धों का संग्रह है?
(A) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) कुबेरनाथ राय (D) सरदार पूर्ण सिंह

69. "तुम जो अपने हाथों में विधि से ज्यादा ताकत रखते हो
मेहनत से रहते हो, खेतों में जाकर खेती करते हो
मेड़ों को ऊंचा करते हो, मेघों का पानी भरते हो
फसलों की उम्दा नस्लें हर साल नई पैदा करते हो,"
उक्त पंक्तियों के माध्यम से कवि किसे सम्बोधित कर रहा है?
(A) वकील (B) मजदूर
(C) किसान (D) जवान

70. भाववाच्य का प्रयोग नहीं हुआ है :
(A) मुझसे बैठा नहीं जाता।
(B) राम से खाया नहीं जाता।
(C) मुझसे यह बोझ उठाया न जाएगा।
(D) धूप में चला नहीं जाता।

71. कार्यालयी-पत्र में अधोलेख में निम्न में क्या नहीं हो सकता?
(A) प्रेषक का नाम (B) विभाग का नाम
(C) स्थान का उल्लेख (D) प्रेषिति का पदनाम

72. कर्तृवाच्य का प्रयोग नहीं हुआ है :
(A) महेश स्कूल से आ रहा है।
(B) अखबार पढ़े जाते हैं।
(C) माली बगीचे में फूल तोड़ रहा है।
(D) कुत्ता सारी रात भौंकता रहा।

73. व्यंजन सम्बन्धी अशुद्ध वर्तनी है :
(A) श्राप (B) खीझना (C) गण्यमान्य (D) सोडा

74. 'ग्रन्थ-ग्रन्थी' शब्द युग्म का सही अर्थ है :
(A) पुस्तक-वेदपाठी (B) किताब-सिखगुरु
(C) पुस्तक-गांठ (D) किताब-लेखक

75. किसी वस्तु, व्यक्ति और स्थान के नाम को .......... कहते हैं।
(A) सर्वनाम (B) सन्धि (C) संज्ञा (D) क्रिया

**निर्देश (76-84) :** निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

तलवार के भय से साधुता धारण करने वाला व्यक्ति समाज का आदर्श सदस्य नहीं हो सकता। आदर्श मनुष्य तो वही हो सकता है, जिसने स्वेच्छा से साधुत्व का वरण किया हो, स्वेच्छया संचय का त्याग किया हो। किन्तु एक बात याद रखो कि प्रवृत्ति की ज्वाला भड़काए रखने से मनुष्य त्याग नहीं करेगा।

इसके लिए थोड़ी शिक्षा उसे निवृत्ति की भी मिलनी चाहिए। प्रवृत्ति इसलिए कि अपनी कमाई पर वह अपना अधिकार न जमाए। प्रवृत्ति इसलिए कि कर्मठता जीवन का एकमात्र अवलम्ब है और निवृत्ति इसलिए कि एक दिन मनुष्य को सब कुछ यहीं छोड़कर अकेले जाना पड़ता है।

SarkariExam.com

SarkariExam.com



ऐसा क्यों समझते हो कि धर्म केवल मन्दिर और मस्जिद में बसता है तथा जुलाहे के करघा घर या मोची खाने अथवा राजनीति के दफ्तर में वह नहीं रह सकता? जीवन के दो टुकड़े नहीं हैं कि एक में धर्म का आसन और दूसरे में छल और प्रपंच के लिए छूट रहे। जीवन का ऐसा विभाजन नहीं चल सकता। यह तो धर्म और अधर्म के बीच समझौते का उदाहरण होगा। धर्म ज्ञान और विश्वास में नहीं, कर्म और आचरण में बसता है। पूजा और अनुष्ठान की विधियां धर्म रूप हैं। मन्दिर, मस्जिद, तीर्थव्रत और पण्डे तथा पुरोहित की प्रथा, ये धर्म के ढकोसले हैं।

**76.** कौन–सा व्यक्ति समाज का आदर्श सदस्य नहीं हो सकता?
(A) साहसी (B) निर्भीक
(C) डरपोक (D) बुद्धिमान

**77.** अपनी इच्छा से त्याग तथा साधुता धारण करने वाला व्यक्ति ......... होता है।
(A) आदर्श (B) अकेला
(C) एक (D) संस्कृत

**78.** प्रवृत्ति के साथ–साथ मनुष्य के लिए निवृत्ति की शिक्षा भी जरूरी है, क्योंकि .......... (अधूरे वाक्य को पूरा कीजिए)।
(A) इससे मनुष्य बुद्धिमान बनता है।
(B) इससे संचय के साथ–साथ त्याग की भावना भी उत्पन्न होती है।
(C) इससे मनुष्य अमीर हो जाता है।
(D) इससे मनुष्य गरीब हो जाता है।

**79.** ऐसा क्यों समझते हैं कि धर्म केवल ......... और .......... में बसता है।
(A) घर, ऑफिस (B) मन्दिर, मस्जिद
(C) पार्क, गुरुद्वारा (D) चर्च, गुरुद्वारा

**80.** धर्म ज्ञान और विश्वास में नहीं, कर्म और आचरण में बसता है। इस पंक्ति में व्यक्ति की किस विशेषता का पता चलता है?
(A) कथनी और करनी में अन्तर
(B) कहना कुछ और करना कुछ
(C) कथनी और करनी में एकरूपता
(D) अपनी असलियत छुपाना

**81.** संस्कृत भाषा के पहले कौन–सी भाषा थी?
(A) पालि (B) मगधी
(C) प्राकृत (D) हिन्दी

**82.** किस लोकोक्ति का अर्थ 'वैभव क्षणिक होता है' होगा?
(A) सांच को आंच नहीं
(B) अधजल गगरी छलकत जाय
(C) पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती
(D) चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात

**83.** 'लखनऊ' शब्द में प्रत्यय है :
(A) ल (B) लख
(C) नऊ (D) ई

**84.** 'अंगुली में आटा गीला करना' मुहावरे का अर्थ है :
(A) अकारण नुकसान होना (B) काम–काज़ बन्द होना
(C) मुसीबत में ही मुसीबत आना (D) व्यर्थ का काम करना

**85.** विसर्ग सन्धि का उदाहरण है :
(A) युधिष्ठिर (B) निष्ठुर
(C) भयंकर (D) मनोयोग

**86.** 'कार' प्रत्यय से निर्मित नहीं है :
(A) बेकार (B) कलाकार
(C) कुम्भकार (D) तक्षकार

**87.** अशुद्ध वर्तनी है :
(A) पुनरवलोकन (B) सौन्दर्य
(C) पुनरागमन (D) अभयारण्य

**88.** 'मरने की इच्छा' वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द है :
(A) मुमुक्षा (B) मुमूर्षा
(C) जिजीविषा (D) उत्सर्गेच्छा

**89.** मूल शब्द व प्रत्यय का विभाजन अशुद्ध है :
(A) कठौती = कठ + औती (B) बुढ़ौती = बूढ़ा + औती
(C) कनौती = कान + औती (D) बपौती = बाप + औती

**90.** 'बालू से तेल निकालना' मुहावरे का अर्थ है :
(A) शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तु
(B) असम्भव काम करना
(C) पूर्णत: स्वस्थ होना
(D) बहुत साधन सम्पन्न होना

**91.** 'पांच सात की लकड़ी, एक जने का बोझ' लोकोक्ति का अर्थ है :
(A) बहुत कठिन कार्य होना।
(B) असम्भव बड़ी शर्त रखना।
(C) छोटे या कमजोर व्यक्ति की बात को कोई नहीं मानता है।
(D) मिलकर काम करने से कठिन कार्य भी सरल हो जाता है।

**92.** 'रिक्शा' किस भाषा का शब्द है?
(A) चीनी (B) रूसी
(C) जापानी (D) जर्मनी

**93.** अंग्रेजी शब्द 'ड्राफ्टिंग' का भारत सरकार द्वारा स्वीकृत हिन्दी अनुवाद होगा :
(A) टिप्पण (B) आरोपण
(C) प्रस्ताव (D) प्रारूपण

**94.** निम्नलिखित में से स्पर्श व्यंजन कौन–सा है?
(A) श (B) ह
(C) ल (D) छ

**95.** व्यक्तिगत शैली में लिखे जाने वाले शासकीय पत्र को क्या कहते हैं?
(A) कार्यालय आदेश
(B) कार्यालय ज्ञापन
(C) अर्धशासकीय पत्र
(D) राजाज्ञा या शासनादेश

**96.** निम्नलिखित में से कौन–सा तद्भव शब्द है?
(A) कौआ (B) कुत्ता
(C) कोयल (D) ये सभी

**97.** 'क' का उच्चारण स्थान है :
(A) कण्ठ (B) तालु
(C) मूर्धा (D) दन्त

**98.** 'तरी' का पर्यायवाची शब्द कौन–सा है?
(A) लहर (B) छिछला
(C) सरोवर (D) नौका

**99.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग है?
(A) पक्षी (B) केकड़ा
(C) चकोर (D) गिलहरी

**100.** 'सच्छास्त्र' शब्द का विच्छेद इनमें से कौन–सा है?
(A) सत + शास्त्र (B) सच् + शास्त्र
(C) सत् + शास्त्र (D) सच् + छास्त्र

SarkariExam.com

SarkariExam.com

## उत्तरमाला

### खण्ड 'अ' : सामान्य ज्ञान

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (C) | 3. (D) | 4. (A) | 5. (C) | 6. (B) | 7. (D) | 8. (B) | 9. (A) | 10. (C) |
| 11. (A) | 12. (B) | 13. (C) | 14. (B) | 15. (A) | 16. (B) | 17. (A) | 18. (D) | 19. (A) | 20. (C) |
| 21. (A) | 22. (D) | 23. (D) | 24. (A) | 25. (C) | 26. (C) | 27. (B) | 28. (B) | 29. (D) | 30. (B) |
| 31. (D) | 32. (D) | 33. (C) | 34. (A) | 35. (C) | 36. (B) | 37. (C) | 38. (B) | 39. (A) | 40. (C) |
| 41. (C) | 42. (B) | 43. (A) | 44. (C) | 45. (B) | 46. (C) | 47. (B) | 48. (B) | 49. (B) | 50. (D) |

### खण्ड 'ब' : भाषा (हिन्दी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 51. (B) | 52. (D) | 53. (A) | 54. (B) | 55. (C) | 56. (A) | 57. (B) | 58. (D) | 59. (D) | 60. (A) |
| 61. (B) | 62. (D) | 63. (D) | 64. (C) | 65. (A) | 66. (C) | 67. (A) | 68. (B) | 69. (C) | 70. (C) |
| 71. (D) | 72. (B) | 73. (C) | 74. (B) | 75. (C) | 76. (C) | 77. (A) | 78. (B) | 79. (B) | 80. (C) |
| 81. (C) | 82. (D) | 83. (D) | 84. (D) | 85. (D) | 86. (D) | 87. (D) | 88. (B) | 89. (A) | 90. (B) |
| 91. (D) | 92. (C) | 93. (B) | 94. (D) | 95. (C) | 96. (D) | 97. (A) | 98. (D) | 99. (D) | 100. (C) |

# द्वितीय प्रश्न-पत्र

## खण्ड 'अ' : अभिरुचि परीक्षण

1. एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए एक आदमी ने एक औरत से कहा, "तुम्हारे पिता की इकलौती पुत्री इसकी माता है" वह औरत उस व्यक्ति से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(A) माता (B) बुआ
(C) पुत्री (D) बहन

निर्देश (2-5) : नीचे दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए :

2. PAL : LAP : : PAN : ?
(A) NAP (B) LAN
(C) PAM (D) MAP

3. 1 : 1 : : 25 : ?
(A) 240 (B) 625
(C) 26 (D) 125

4. लोकसभा : अध्यक्ष : : राज्यसभा : ?
(A) उपराष्ट्रपति (B) राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री (D) उपाध्यक्ष

5. आम : फल : : आलू : ?
(A) तना (B) फूल (C) जड़ (D) फल

निर्देश (6-8) : नीचे दी गई अक्षर शृंखला के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

JHGEPLDBEMSTRQAIKNWX

6. निम्नलिखित चार में से तीन, ऊपर दी गई शृंखला में उनकी स्थिति के आधार पर एकसमान समूह बनाते हैं। अक्षर का वह कौन-सा समूह है जो अन्य तीन से भिन्न है?
(A) JFS (B) LEI (C) DMK (D) FDR

7. दी गई शृंखला में बाईं तरफ से तीसरे, पांचवें, नौवें एवं पन्द्रहवें अक्षरों को लेकर यदि कोई अर्थपूर्ण शब्द बनता हो, तो शब्द का पहला अक्षर आपका उत्तर होगा। यदि एक से अधिक अर्थपूर्ण शब्द बनते हों, तो आपका उत्तर M होगा। यदि कोई शब्द नहीं बनाया जा सकता हो, तो आपका उत्तर X होगा :
(A) P (B) A (C) X (D) M

8. ATMOSPHERE शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनके बीच उतने ही अक्षर हैं जितने अंग्रेजी वर्णमाला में हैं?
(A) दो (B) तीन (C) चार (D) पांच

निर्देश (9-13) : नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में सर्वप्रथम तीन कथन तथा दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए सभी कथनों को भले ही वे सर्वमान्य तथ्यों से मेल नहीं रखते हो, को सत्य मानते हुए यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष तार्किक रूप से निकलता है?

उत्तर (A) दीजिए, यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है।
उत्तर (B) दीजिए, यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है।
उत्तर (C) दीजिए, यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है।
उत्तर (D) दीजिए, यदि दोनों ही निष्कर्ष I और II निकलते हों।

9. कथन : सभी खिलौने गुड़िया हैं।
सभी गुड़ियां जोकर हैं।
कुछ खिलौने कार हैं।
निष्कर्ष : I. कुछ कार जोकर हैं।
II. कुछ गुड़ियां कार हैं।

10. कथन : सभी किताबें खाते हैं।
सभी कलम चाबी हैं।
कुल कलम किताबें हैं।
निष्कर्ष : I. कुछ खाते चाबी हैं।
II. कुछ चाबी किताबें हैं।

11. कथन : सभी कमल बक्से हैं।
कुछ बक्से ब्लेड हैं।
कुछ ब्लेड फाइल हैं।
निष्कर्ष : I. कुछ ब्लेड कलम हैं।
II. कुछ कलम फाइलें हैं।

SarkariExam.com

SarkariExam.com

**12. कथन :** सभी कप तश्तरी हैं।
कोई तश्तरी ट्रे नहीं है।
कुछ ट्रे कटोरे हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ कटोरे तश्तरी हैं।
II. कोई तश्तरी कटोरा नहीं है।

**13. कथन :** कुछ गुलाब कांटे हैं।
सभी कांटे फूल हैं।
कोई फूल पंखुड़ी नहीं है।

**निष्कर्ष :** I. कोई पंखुड़ी गुलाब नहीं है।
II. कुछ फूल गुलाब हैं।

**निर्देश (14-18) :** निम्नलिखित अंकों की श्रेणियों को एक क्रम में रखा गया है। इन श्रेणियों में एक अंक गायब है। नीचे चार विकल्प दिए गए हैं, इनमें से एक श्रेणी के खाली स्थान के लिए उपयुक्त होगा, सही अंक ज्ञात कीजिए :

**14.** 36, 37, 41, 50, 66, ...., 127 :
(A) 91 (B) 94 (C) 107 (D) 111

**15.** 6, 13, 22, 33, .......
(A) 37 (B) 46 (C) 39 (D) 51

**16.** किसी सांकेतिक भाषा में MOTHER के लिए 349758, UNCLE के लिए 02615 लिखा जाता है, तो HEN के लिए लिखा जाएगा?
(A) 923 (B) 752
(C) 872 (D) 347

**17.** 5 वर्ष पहले नंदिता की मां नंदिता से तीन गुनी बड़ी थी, 5 वर्ष बाद वह नंदिता से दो गुनी बड़ी हो जायेगी। आज नंदिता की आयु क्या है?
(A) 20 वर्ष (B) 15 वर्ष
(C) 35 वर्ष (D) 10 वर्ष

**18.** 100 मीटर लम्बी रेलगाड़ी स्टेशन पर खड़े आदमी को 36 किमी/घण्टा की चाल से कितने समय में पार कर लेगी?
(A) 12 सेकण्ड (B) 10 सेकण्ड
(C) 8 सेकण्ड (D) 5 सेकण्ड

**19.** यदि कूट भाषा में E = 5, EMPIRE = 66 है, तो REPAIR की कूट भाषा क्या होगी?
(A) 67 (B) 66 (C) 76 (D) 77

**20.** प्रत्येक 5 जिसमें पहले 3 और बाद में 7 आया है गिनें (उदाहरणार्थ—3, 5, 7) ऐसे 5 के अंक कितने हैं?
3, 5, 5, 7, 7, 2, 4, 3, 5, 7, 7, 3, 5, 7, 5, 5, 3, 5, 7
(A) 3 (B) 5 (C) 2 (D) 1

**21.** दी गई शृंखला में लगातार तीन बार p कितनी बार आया है?
p t p t t p p t p t p p p p q q p t p t t p p p t
(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

**22.** निम्नलिखित अनुक्रम का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :
1, 2, 3, 5, 4, 5, 6, 7, 9, 4, 8, 4, 5, 5, 4, 8,
कितनी बार एक सम संख्या के बाद में विषम संख्या आई है?
(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

**23.** A से Z तक वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर का मान क्रमशः 1 से 26 दिया गया है, तो निम्नलिखित शब्द का मान बताइए :
OPERATIONAL
(A) 106 (B) 125
(C) 126 (D) 111

**24.** एक वर्गाकार पथ पर ABCD है, AC दक्षिण–पूर्व और BD उत्तर–पूर्व की ओर है, A से वामावर्त्त चलकर B को पार कर अब वह किस दिशा में है?
(A) पश्चिम (B) पूर्व (C) उत्तर (D) दक्षिण

**25.**

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 2 (101) 4 | 4 (122) 3 | 6 (?) 2 |
| 3 | 5 | 1 |

(A) 140 (B) 144 (C) 145 (D) 149

**26.** यदि किसी सांकेतिक भाषा में DOG को 26 लिखा जाता है, तो उसी भाषा में APPLE को किस प्रकार लिखेंगे?
(A) 45 (B) 35 (C) 41 (D) 50

**27.** 'कैमरा' में सदैव क्या पाया जाता है?
(A) रील (B) फोटोग्राफ (C) फ्लेश (D) लेंस

**28.** QSU, WYA, ?, IKM
(A) CEG (B) CDF (C) CEH (D) BCH

**29.** दी गयी आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए :



(A) 34 (B) 38
(C) 44 (D) 48 या अधिक

**30.** कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति को पूरा करेगी?

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियां :



(A) (B) (C) (D)

**31.** दी गई उत्तर आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है :

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियां :



(A) (B) (C) (D)

SarkariExam.com

SarkariExam.com



**32.** नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?

**प्रश्न आकृतियां :**



**उत्तर आकृतियां :**



(A) (B) (C) (D)

**निर्देश (33-34) :** निम्न विकल्पों में से कौन–सा विकल्प नीचे दिए हुए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?

**33.** 1. मृदा 2. पौध 3. फूल 4. फल 5. पादप 6. बीज
(A) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (B) 1, 6, 2, 5, 4, 3
(C) 5, 6, 1, 2, 3, 4 (D) 1, 6, 2, 5, 3, 4

**34.** 1. परिवीक्षा, 2. विज्ञापन, 3. आवेदन, 4. चयन, 5. साक्षात्कार, 6. नियुक्ति
(A) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (B) 1, 2, 3, 5, 4, 6
(C) 2, 3, 5, 4, 6, 1 (D) 6, 5, 4, 3, 2, 1

**35.** प्रश्न आकृतियां



उत्तर आकृतियां



(A) (B) (C) (D)

**36.** यदि किसी महीने की 8 तारीख रविवार के तीन दिन बाद पड़ती है तो उस महीने की 17 तारीख को कौन–सा दिन होगा?
(A) बृहस्पतिवार (B) शुक्रवार
(C) बुधवार (D) शनिवार

**37.** साढ़े आठ बजे घड़ी की दोनों सुइयों के बीच कितना कोण होगा?
(A) 85° (B) 80° (C) 75° (D) 60°

**38.** पहली पंक्ति में अक्षर दिए गए हैं तथा दूसरी पंक्ति में अंक दिए गए हैं। अंक अक्षरों के कूट हैं तथा अक्षर अंकों के कूट हैं। दिए गए विकल्पों (A, B, C, D) में से प्रश्नों के सही कूट ढूंढिए :

| R | H | O | T | A | S | N | J | P | E |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 0 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 | 4 | 7 | 2 |

SARNJO
(A) 361547 (B) 316980
(C) 395081 (D) 396841

**39.** आज 15 अगस्त, 1988 है तथा सप्ताह का दिन सोमवार है 2 वर्ष बाद इसी दिन सप्ताह का कौन–सा दिन होगा?
(A) मंगलवार (B) बुधवार
(C) गुरुवार (D) सोमवार

**40.** जिस प्रकार 'लय' सम्बन्धित है, 'संगीत' से, उसी प्रकार 'डिजाइन' सम्बन्धित है निम्नलिखित से:
(A) भवन (B) शिल्पकार
(C) सन्तुलन (D) सुन्दरता

**41.** लुप्त संख्या क्या होगी?
7, 4, 12, 16, 37, 64, ...........
(A) 78, 112 (B) 122, 252
(C) 162, 256 (D) 70, 85

**42.** रिचा और रूपेश, सुमित की दो सन्तान हैं। रूपेश के पिता सुमित हैं। परन्तु रिचा, सुमित का बेटा नहीं है। रिचा, समित से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(A) पुत्री (B) पुत्र (C) बहन (D) भतीजी

**43.** नीचे आकृतियों के दो घटक दिए हैं। प्रथम घटक की दूसरी आकृति उसी घटक की पहली आकृति से एक विशेष प्रकार से सम्बन्धित है। दी गई चार वैकल्पिक आकृतियों में से कौन–सी आकृति दूसरे घटक की पहली आकृति से ठीक उसी प्रकार सम्बन्धित है?

**प्रश्न आकृतियां :**

पहला घटक दूसरा घटक



**उत्तर आकृतियां :**



(A) (B) (C) (D)

**44.** नीचे प्रश्न आकृतियां दी गई हैं जो किसी प्रकार का क्रम बनाए हुए हैं। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति को ज्ञात कीजिए जो इस क्रम की अगली आकृति होगी :

**प्रश्न आकृतियां :**

| I | II | III | IV |
|---|---|---|---|
| PQRS | QPSA | BQAS | ? |

**उत्तर आकृतियां :**

| (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|
| PBSC | PBCS | QBSC | SCPB |

**45.** कौन–सा शब्द निम्नलिखित शब्द के अक्षरों से नहीं बन सकता है?
ETHNOGRAPHIC
(A) EARTH (B) HEART
(C) GEAR (D) GARMENT

**46.** यदि P दर्शाता है ÷, Q दर्शाता है ×, R दर्शाता है +, और S दर्शाता है –, तब :
18 Q 12 P 4 R 5 S 6 = ?
(A) 36 (B) 53
(C) 59 (D) 65

SarkariExam.com

SarkariExam.com

**47.** श्रेणी में अगला भिन्न कौन–सा आएगा?

$\frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{5}{8}, \frac{7}{16}, ?$

(A) $\frac{9}{32}$ (B) $\frac{10}{17}$ (C) $\frac{11}{34}$ (D) $\frac{12}{35}$

**48.** 9 : 80 : : 100 : ?

(A) 901 (B) 1009

(C) 9889 (D) 9999

**49.** m n o n o p q o p q r s .......... :

(A) m n o p q (B) o q r s t

(C) p q r s t (D) q r s t u

**50.** रमेश ने कहा, "यह लड़की मेरे मां के पौते की पत्नी है" रमेश उस लड़की का कौन है?

(A) पिता (B) पति

(C) ससुर (D) दादा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (A) | 3. (B) | 4. (A) | 5. (A) | 6. (D) | 7. (D) | 8. (B) | 9. (D) | 10. (D) |
| 11. (C) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (B) | 17. (B) | 18. (B) | 19. (A) | 20. (A) |
| 21. (B) | 22. (D) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (C) | 26. (D) | 27. (D) | 28. (A) | 29. (D) | 30. (A) |
| 31. (B) | 32. (A) | 33. (D) | 34. (C) | 35. (A) | 36. (B) | 37. (C) | 38. (D) | 39. (B) | 40. (D) |
| 41. (C) | 42. (A) | 43. (C) | 44. (C) | 45. (D) | 46. (B) | 47. (A) | 48. (D) | 49. (C) | 50. (C) |

## व्याख्यात्मक हल

**1. (B)**




**2. (A)** जिस प्रकार, P A L : L A P

उसी प्रकार, P A N : N A P

**3. (B)** जिस प्रकार, $(1)^2 = 1$

उसी प्रकार, $? = (25)^2 = 625$

**6. (D)** दी गई शृंखला के अक्षर समूहों का क्रम निम्नवत् है :

J F S (+3, −7), L E I (+3, +7)

D M K (+3, −7), F D R (+3, +6)

अतः स्पष्ट है कि FDR अन्य तीन से भिन्न है.

अतः उत्तर (D) हुआ।

**7. (D)** दी गई अंग्रेजी अक्षर शृंखला के बाईं ओर से तीसरा, पांचवा, नौवां एवं पन्द्रहवां अक्षर क्रमशः G, P, E एवं A हैं। अतः बने अभीष्ट शब्द हैं :

(i) PAGE (noun) → पन्ना

(ii) GAPE (verb) → जंभाई लेना

चूंकि इन अक्षरों से एक से अधिक अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं अतः अभीष्ट उत्तर (D) 'M' हुआ।

**8. (B)** (S, R, Q) (G, F)

A T M O S P H E R E

(N, O)

अतः अभीष्ट युग्म P-T, M-P तथा E-H हैं।

∴ अभीष्ट उत्तर (B) हुआ।

**9. (D)** प्रश्नानुसार,




⇒ कुछ कार जोकर है।

कुछ गुड़ियां कार हैं।

अतः दोनों ही निष्कर्ष स्पष्ट रूप से निकलते हैं, अतः अभीष्ट उत्तर (D) हुआ।

**10. (D)** प्रश्नानुसार,




⇒ कुछ खाते चाबी हैं।

कुछ चाबी किताबें हैं।

दोनों ही निष्कर्ष स्पष्ट रूप से निकलते है, अतः उत्तर (D) हुआ।

**11. (C)** प्रश्नानुसार,




हम देखते हैं कि उपर्युक्त विधि से भी दिया गया कोई निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से निश्चित नहीं निकलता है, अतः अभीष्ट उत्तर (C) हुआ।

**12. (C)** प्रश्नानुसार,




स्पष्ट है कि दिया गया कोई भी निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से निश्चिच नहीं निकलता है, अतः उत्तर (C) हुआ।

SarkariExam.com

SarkariExam.com

**13. (B)** प्रश्नानुसार,




⇒ कुछ फूल गुलाब हैं।

अतः सिर्फ निष्कर्ष II सही है, अतः अभीष्ट उत्तर (B) हुआ।

**14. (A)** 36 → $+(1)^2$ → 37 → $+(2)^2$ → 41 → $+(3)^2$ → 50 → $+(4)^2$ → 66 → $+(5)^2$ → **[91]** → $+(6)^2$ → 127

**15. (B)** 6 → +7 → 13 → +9 → 22 → +11 → 33 → +13 → **[46]**

**16. (B)**

| M | O | T | H | E | R |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 | [7] | [5] | 8 |

| U | N | C | L | E |
|---|---|---|---|---|
| 0 | [2] | 6 | 1 | 5 |

उसी प्रकार,

| H | E | N |
|---|---|---|
| 7 | 5 | 2 |

**17. (B)** माना कि नंदिता की आयु 5 वर्ष पहले $x$ वर्ष थी

∴ 5 वर्ष पहले नंदिता की मां की आयु = $3x$ वर्ष

5 वर्ष बाद $\quad 2(x+10) = (3x+10)$

या $\quad 2x + 20 = 3x + 10$

या $\quad 3x - 2x = 20 - 10$

∴ $\quad x = 10$

अतः नंदिता की वर्तमान आयु = 10 + 5 = 15 वर्ष

**19. (A)** जिस प्रकार, E = 5 (वर्णमाला में वर्ण का क्रमांक)

तथा EMPIRE = 5 + 13 + 16 + 9 + 18 + 5 = 66

उसी प्रकार, REPAIR = 18 + 5 + 16 + 1 + 9 + 18 = 67

**20. (A)** दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है :

3 5 5 7 7 2 4 3 [5] 7 7 [3] [5] 7 5 5 3 [5] 7

अतः ऐसे 5 के तीन अंक हैं जिससे पहले 3 और बाद में 7 आया है।

**21. (B)** दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है :

p t p t t p p t p p p q q p t p t t p p p t

अतः श्रृंखला में लगातार तीन p दो बार आए हैं।

**22. (D)** दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है :

1 2 3 5 4 5 6 7 9 4 8 4 5 5 4 8

अतः श्रृंखला में 4 बार एक सम संख्या के बाद विषम संख्या आई है।

**23. (C)** वर्णमाला में वर्णों के क्रमांकानुसार

OPERATIONAL = 15 + 16 + 5 + 18 + 1 + 20 + 9 + 15 + 14 + 1 + 12

= 126

**24. (B)** प्रश्नानुसार,




अब वह पूर्व दिशा में है।

**25. (C)** जिस प्रकार, $1 + 2 + 4 + 3 = 10$

$(10)^2 + 1 = 101$

तथा $2 + 3 + 5 = 11$

$(11)^2 + 1 = 122$

इसी प्रकार, $6 + 3 + 2 + 1 = 12$

$(12)^2 + 1 = 145$

**26. (D)** जिस प्रकार वर्णमाला के अंकों के मान का योग सांकेतिक भाषा है, तो

DOG ⇒ 4 + 15 + 7 = 26

इसी प्रकार, APPLE ⇒ 1 + 16 + 16 + 12 + 5 = 50

**27. (D)** 'कैमरे' में सदैव 'लेंस' पाया जाता है।

**28. (A)**

Q —(+6)→ W —(+6)→ [C] —(+6)→ I

S —(+6)→ Y —(+6)→ [E] —(+6)→ K

U —(+6)→ A —(+6)→ [G] —(+6)→ M

**36. (B)** चूंकि 8 तारीख को रविवार के बाद तीसरे दिन अर्थात् बुधवार पड़ता है। अतः अगला बुधवार 8 तारीख के 7 दिन बाद अर्थात् 15 तारीख को पड़ेगा। इसलिए 17 तारीख को शुक्रवार होगा। अतः सही उत्तर (B) है।

**37. (C)** साढ़े आठ बजे, मिनट की सुई 6 पर तथा घण्टे की सुई 8 और 9 के बीच $2\frac{1}{2}$ मिनट के निशान पर होगी। 6 और 8 के बीच का कोण = 60°

तथा $2\frac{1}{2}$ मिनट के निशान का कोण = $2\frac{1}{2} \times 6 = 15°$

अतः दोनों सुइयों के बीच कुल कोण = 60° + 15° = 75° होगा।

इसलिए सही उत्तर (C) है।

**38. (D)** 2 वर्ष बाद 15 अगस्त, 1990 तक पूर्ण दिनों की संख्या 728 तथा विषम दिन 2 होंगे, अतः सोमवार से दो दिन बाद बुधवार का दिन होगा।

**40. (D)** जिस प्रकार 'लय' से 'संगीत' अच्छा बनता है, उसी प्रकार, 'डिजाइन' से 'सुन्दरता' अच्छी बनती है।

**41. (C)**

7 → +5 → 12

4 → ×4 → 16

12 → +25 → 37

16 → ×4 → 64

37 → +255 → **[162]**

64 → ×4 → **[256]**

**42. (A)**




SarkariExam.com

SarkariExam.com

अतः रिचा सुमित की पुत्री है।

**43. (C)** ? = 18 Q 12 P 4 R 5 S 6

सही प्रतीकों का उपयोग करने पर,

$? = 18 \times 12 \div 4 + 5 - 6$

$= 18 \times 12 \times \frac{1}{4} + 5 - 6$

$= 54 + 5 - 6$

$= 59 - 6 = 53$

**47. (C)** श्रेणी में,

$\frac{1}{2} \xrightarrow{+2} \frac{3}{4} \xrightarrow{+2} \frac{5}{8} \xrightarrow{+2} \frac{7}{16} \xrightarrow{+2} \boxed{\frac{9}{32}}$ (हर में ×2, ×2, ×2, ×2)

**48. (D)** जिस प्रकार,

9 ⟶ 80, $(9)^2 - 1$

उसी प्रकार,

100 ⟶ $\boxed{9999}$, $(100)^2 - 1$

**49. (C)** शृंखला है mno/nopq/opqrs/pqrst

⇒ pqrst

**50. (C)** प्रश्नानुसार,




अतः रमेश उस लड़की का ससुर है।

## खण्ड 'ब' : वाणिज्य वर्ग

**51.** निम्न में से कौन प्राथमिक उद्योग नहीं है ?

(A) फिशिंग (B) लोहा एवं कोयला
(C) खनन (D) ये सभी

**52.** सड़क–निर्माण का कार्य किस उद्योग से सम्बन्धित है ?

(A) रचनात्मक (B) निष्कर्षण
(C) निर्माण (D) संयोजन

**53.** चीनी उद्योग है :

(A) रचनात्मक उद्योग (B) उत्पादन उद्योग
(C) निर्माण उद्योग (D) संयोजन उद्योग

**54.** एक फर्म में ₹ 10,00,000 की पूंजी लगी है। निदेशक 15% आय की अपेक्षा करते हैं। वास्तविक लाभ (जारी रहने की आशा है) ₹ 2,00,000 है। फर्म की ख्याति का मूल्य अधिलाभ के अनुसार कितना होगा यदि इसका मूल्यांकन 3 वर्ष के क्रय पर आधारित हो ?

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 1,50,000
(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 2,15,000

**55.** एक कॉलेज के आय–व्यय खाते को निम्नलिखित में से किस से क्रेडिट किया जाएगा ?

1. विद्यार्थियों द्वारा भुगतान किया गया शिक्षण शुल्क।
2. विज्ञान प्रयोगशाला के उपकरणों की लागत।
3. विद्यार्थियों से अधिकारी द्वारा वसूल किया गया जुर्माना।
4. पुरस्कारों की कीमत

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) 1 तथा 2 (B) 2 तथा 3
(C) 1 तथा 3 (D) 2 तथा 4

**56.** निम्नलिखित समायोजन प्रविष्टियों पर विचार कीजिए :

1. अदत्त व्यय : व्यय खाता डेबिट अदत्त व्यय खाता को
2. पूर्वदत्त व्यय : व्यय खाता डेबिट पूर्वदत्त व्यय खाता को
3. अर्जित आय जो प्राप्त नहीं हुई : आय खाता डेबिट अदत्त आय खाता को
4. अग्रिम प्राप्त आय : आय खाता डेबिट पूर्वदत्त आय खाता को

उपर्युक्त समायोजन प्रविष्टियों में से कौन–सा/से सही है/हैं ?

(A) 1 तथा 4 (B) 2 तथा 3
(C) केवल 1 (D) 1, 2, 3 तथा 4

**57.** विकेन्द्रीकरण के कारण :

(A) वरिष्ठों का महत्त्व बढ़ जाता है।
(B) वरिष्ठों का महत्त्व घट जाता है।
(C) अधीनस्थों का महत्त्व बढ़ जाता है।
(D) उपर्युक्त सभी का महत्त्व बढ़ जाता है।

**58.** नियन्त्रण के विस्तार से आशय है :

(A) एक वरिष्ठ अधिकारी केवल सीमित संख्या में ही कार्यकारकों पर नियन्त्रण रख सकता है।
(B) अच्छे संगठन में प्रत्येक कार्य के लिए एक पृथक विभाग होना चाहिए।
(C) एक अधीनस्थ का केवल एक ही अधिकारी होना चाहिए।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**59.** कार्य–पत्रों (Working Paper) में ब्यौरा नहीं होना चाहिए :

(A) लेखापरीक्षा नियोजन का
(B) निष्पादित लेखापरीक्षा कार्यविधियों की प्रकृति, समय तथा विस्तार का
(C) प्राप्त साक्ष्य पर आधारित निष्कर्षों का
(D) लेखापरीक्षा कार्यक्रमों का

**60.** निम्नलिखित में से कौन–सा अंकेक्षण कार्य पत्रों का मुख्य उद्देश्य नहीं है ?

(A) एक लेखापरीक्षा नियोजन का आधार
(B) परीक्षण के परिणाम तथा एकत्रित साक्ष्य का अभिलेख
(C) SEBI को फाइल की जाने वाली विषय सामग्री तथा कर विवरणी तैयार करने का आधार
(D) सही प्रकार की लेखा परीक्षा रिपोर्ट सुनिश्चित करने के लिए आंकड़े

**61.** लेखापरीक्षा (Audit) नोट बुक है :

(A) एक अंकेक्षक की व्यक्तिगत नोट बुक
(B) अंकेक्षक द्वारा किए गए कार्य का रिकॉर्ड
(C) उन महत्वपूर्ण विषयों तथा पूछताछ का रिकॉर्ड जो एक अंकेक्षक अपने ग्राहकों को विचारार्थ भेजने हैं
(D) लेखा पुस्तकों के अंकेक्षण के दौरान पकड़ी गई त्रुटियों तथा अशुद्धियों का रिकॉर्ड

**62.** निम्न में से कौन–सी संचार व्यवस्था व्यक्तिगत सम्बन्धों पर आधारित है?

(A) समस्तरीय संचार (B) अनौपचारिक संचार
(C) ऊर्ध्वाकार संचार (D) मौखिक संचार

SarkariExam.com

SarkariExam.com



63. निम्न में से किस संचार व्यवस्था के द्वारा समस्याओं का प्रेषण होता है ?
(A) आरोही (B) अवरोही (C) मौखिक (D) अनौपचारिक

64. सतत लेखापरीक्षण का उपयोग होता है :
(A) जहां लेन–देन की संख्या बहुत अधिक न हो।
(B) जहां वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरन्त बाद लेखों का प्रस्तुतीकरण किया जाना हो तथा जहां लेखा विवरण प्रबन्धकों को प्रत्येक माह अथवा तिमाही के बाद प्रस्तुत किए जाने हों।
(C) जहां आन्तरिक निरीक्षण की सन्तोषजनक प्रणाली परिचालित नहीं है।
(D) जहां अन्तरिम लेखापरीक्षण परिचालित नहीं है।

65. निम्नलिखित में से कौन–सा एक कम्पनी के अस्तित्व का निर्णायक प्रमाण है ?
(A) निगमन प्रमाण–पत्र
(B) व्यवसाय आरम्भ करने का प्रमाण–पत्र
(C) कम्पनी रजिस्ट्रार के पास पंजीयन हेतु उपयुक्त स्टाम्प लगे दस्तावेज फाइल करना
(D) शेयर प्रमाण–पत्र

66. गुप्त संचय का सृजन किया जाता है :
(A) सामान्य संचय में अन्तरण द्वारा
(B) अत्यधिक मूल्यह्रास प्रावधान द्वारा
(C) माल के अतिमूल्यांकन द्वारा
(D) देयताओं के अवमूल्यांकन द्वारा

67. प्रवर्तक वह व्यक्ति है, जो
(A) एक संचालक है।
(B) एक सचिव है।
(C) प्रबन्ध संचालक का रिश्तेदार है।
(D) कम्पनी के समामेलन में हिस्सा लेता है।

68. कम्पनी के समापन पर मांगी जाने वाली राशि को कहते हैं
(A) याचित पूंजी (B) अयाचित पूंजी
(C) अधिकृत पूंजी (D) पूंजी संचय

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. सामुद्रिक बीमा की स्थिति में बीमा योग्य हित, हानि होने के समय पर विद्यमान होना चाहिए।
2. अग्नि बीमा की स्थिति में बीमा योग्य हित संविदा के समय एवं हानि होने के समय पर भी विद्यमान होना चाहिए।
उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं ?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न ही 1 और न ही 2

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. कर्मकार प्रतिकार (Workmen's Compensation) तथा तृतीय पक्ष बीमा, गारण्टी बीमा के उदाहरण हैं।
2. पुनर्बीमा, अग्नि तथा सामुद्रिक बीमा में अधिक प्रचलित हैं।
उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं ?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 तथा 2 (D) न ही 1 और न ही 2

71. विनिमय दर में परिवर्तन होने पर विदेशी मुद्रा में बनाए गए बिल की स्थानीय मुद्रा में प्राप्त राशि में परिवर्तन होगा, यह जोखिम कहलाता है :
(A) विदेशी विनिमय जोखिम (B) आयात जोखिम
(C) लेन–देन जोखिम (D) मौद्रिक जोखिम

72. अंकेक्षक आन्तरिक नियन्त्रण प्रणाली की प्रभावी क्षमता की निम्न द्वारा निष्पक्ष जांच कर सकता है :
(A) अनुपालन की परीक्षण जांच करके
(B) आन्तरिक अंकेक्षण से प्रमाण–पत्र प्राप्त करके
(C) विगत वर्ष के अंकेक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा करके
(D) फर्म के कर्मचारियों से बात करके

73. कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत लागत अंकेक्षक को अपनी लागत अंकेक्षण रिपोर्ट किसको प्रस्तुत करनी होती है ?
(A) सरकार को (B) कम्पनी के संचालक मण्डल को
(C) वैधानिक अंकेक्षक को (D) अंशधारियों को

74. एक मशीन की लागत ₹ 70,000 है। इसकी जीवन अवधि 10 वर्ष जिसके बाद इसका सम्भावित वसूली मूल्य ₹ 5,000 है। सीधी रेखा ह्रास पद्धति (Straight line basis) पर आधारित प्रथम चार वर्ष का ह्रास होगा :
(A) ₹ 28,000 (B) ₹ 26,000 (C) ₹ 22,000 (D) ₹ 20,000

75. एक भागीदार की पूंजी वर्ष के अन्त में ₹ 3,00,000 थी। वर्ष के लिए उसके लाभ का हिस्सा ₹ 60,000 था और उसने वर्ष के दौरान ₹ 20,000 आहरित किए। वर्ष के प्रारम्भ में उसकी पूंजी थी :
(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 3,20,000 (C) ₹ 3,80,000 (D) ₹ 2,60,000

76. कम्पनी के आन्तरिक प्रबन्ध से सम्बन्धित नियमों के स्रोत का ज्ञान होता है :
(A) संस्था के ज्ञापन प्रलेख (Memorandum of Association) से
(B) प्रविवरण (Prospectus) से
(C) संस्था के अन्तर्नियमों (Articles of Association) से
(D) मौलिक नियमों (Fundamental Rules) से

77. शेयर बाजार की एक परिस्थिति जिसमें एक प्रतिभूति की लगभग सम्पूर्ण आपूर्ति कुछ लोगों द्वारा ही रोक ली जाती है। उसका नाम है :
(A) दिखावटी बिक्री (Wash Sales)
(B) बाजार समेटना (Cornering)
(C) भाव बढ़ाना (Rigging)
(D) अन्तरपणन (Arbitrage)

78. बैंकों की साख निर्माण शक्ति किस बात पर निर्भर करती है ?
(A) नकद जमा (B) साख जमा
(C) अधिविकर्ष सुविधाएं (D) इन सभी

79. साख निर्माण का आधार किसे माना जाता है ?
(A) नकद कोष अनुपात (B) व्युत्पन्न जमा
(C) अधिविकर्ष सुविधाएं (D) इन सभी

80. अत्यधिक संरक्षणात्मक प्रशुल्क भित्ति (Protective tariff walls) का एक परिणाम है कि :
(A) विदेशी उत्पादक अपने आयात को आकर्षण पाते हैं।
(B) देशी उत्पादक निर्यात योग्य माल को देशी बाजार में प्रीमियम पर बेच पाते हैं।
(C) विदेशी उत्पादक अपने निर्यात को आकर्षक पाते हैं।
(D) देशी उत्पादक आयात को सस्ता हुआ पाते हैं।

81. भारी विज्ञापन जिससे आगामी कई वर्षों तक लाभ मिलेंगे, ऊपर उपगत व्यय निम्नलिखित में से कौन–से प्रकार का है ?
(A) संचायन व्यय (Revenue Expenditure)
(B) पूंजीगत व्यय (Capital Expenditure)
(C) आस्थगित संचालन व्यय (Deferred Revenue Expenditure)
(D) पूर्वदत्त व्यय (Prepaid Expenditure)

82. सुनाम व्यवहार के लिए प्रीमियम विधि का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है ?
(A) भागीदार की निवृत्ति
(B) भागीदार का प्रवेश
(C) भागीदारी फर्म का विघटन
(D) एक कम्पनी को साझेदारी का विक्रय

SarkariExam.com

SarkariExam.com



**83.** प्रौद्योगिकी की संयोजकता (Compatibility) का तात्पर्य निम्नलिखित में से किसके सम्बन्ध में प्रौद्योगिकी की उपयुक्तता से है ?
(A) उपभोक्ताओं के उपभोग का स्वरूप
(B) उपलब्ध मानव संसाधन की प्रवीणता
(C) कम्पनी की उत्पाद शृंखला का विकास
(D) उपभोक्ता की बदलती हुई अभिरुचियां

**84.** राजकीय प्रापक को कौन–सा अधिकार नहीं है ?
(A) दिवालिया की सम्पत्तियों को गिरवी रखना
(B) दिवालिया की सम्पत्ति को उधार बेचना
(C) दिवालिया की सम्पत्ति को बेचना
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** साझेदार को किस रूप में दिवालिया घोषित किया जा सकता है ?
(A) व्यक्तिगत रूप से
(B) संयुक्त रूप से
(C) व्यक्तिगत तथा संयुक्त दोनों रूप से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** एक संयुक्त स्टॉक कम्पनी का विशिष्ट लक्षण, 'सतत उत्तराधिकार', प्रदर्शित करता है :
(A) निरन्तर हानियों के बावजूद अबाधित व्यवसाय को
(B) कम्पनी के समापन के सरकार के निर्देशों के प्रतिरोध क्षमता को
(C) कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा में कम्पनी समापन के लिए पारित प्रस्ताव के प्रतिरोध क्षमता को
(D) कम्पनी के किसी सदस्य की मृत्यु अथवा उसके दिवालिया होने से कम्पनी का अबाधित अस्तित्व प्रभावित नहीं होता है

**87.** तेजड़िया (Bull) कौन है ?
(A) एक स्टॉक ब्रोकर जो कुछ ही शेयर्स में व्यापार करता है अथवा विशिष्टीकरण करता है।
(B) एक निवेशक जो निम्न कीमत पर कुछ समय बाद पुनर्खरीद करने के योग्य होने की प्रत्याशा में प्रतिभूतियों को बेचता है।
(C) एक निवेशक जो ऊंची कीमत पर कुछ समय बाद विक्रय करने के योग्य होने की प्रत्याशा में प्रतिभूतियों को क्रय करता है।
(D) एक निवेशक जो प्रतिभूति की कीमत या सम्पूर्ण बाजार के गिरने की अपेक्षा करता है।

**88.** वाणिज्यिक पत्र (Commercial Paper) है :
(A) लघु निवेशकों के लिए दीर्घावधि नैगमिक प्रतिभूति
(B) संस्थानिक निवेशकों के लिए मध्यावधि नैगमिक प्रतिभूति
(C) नैगमिक निवेशकों के लिए राजकोष पत्र
(D) बृहताकार निवेशकों के लिए अल्पावधि नैगमिक प्रतिभूति

**89.** एक कॉर्टेल फर्मों का सम्मिश्रण है :
(A) जो एक विशेष उद्योग में कार्यशील है।
(B) जिनकी सम्मिलित परिसम्पत्तियां उद्योग की सम्पूर्ण परिसम्पत्तियों का 90% प्रतिशत से अधिक है।
(C) जो बाजार का बड़ा हिस्सा नियन्त्रित करती है।
(D) जिनके सम्मिलित लाभ विशाल हैं।

**90.** "परिवर्तनशील अनुपातों का नियम" एक ऐसा नियम है जो व्यवहार प्रदर्शित करता है
(A) लागतों का (B) वितरण का
(C) उत्पादन का (D) वितरण एवं उत्पादन दोनों का

**91.** "मूल्य में परिवर्तन के कारण मांग की मात्रा में पड़ने वाले अन्तर की माप" कहलाती है
(A) प्रभावी मांग (B) मांग की आय लोच
(C) मांग की आड़ी लोच (D) मांग की लोच

**92.** दिया हुआ है :

| | | |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्टॉक | : | ₹ 5,000 |
| अन्तिम स्टॉक | : | ₹ 7,000 |
| क्रय | : | ₹ 10,000 |
| विनिर्माण व्यय | : | ₹ 20,000 |

उत्पादन की लागत होगी :
(A) ₹ 28,000 (B) ₹ 29,000 (C) ₹ 27,000 (D) ₹ 30,000

**93.** A और B लाभ को 2 : 1 के अनुपात में बांटते हैं। वे फर्म में C को लाभ में 1/4 भाग देने के लिए प्रवेश कराते हैं, जो कि ₹ 12,000 की पूंजी लगाता है इसलिए B की समायोजित पूंजी होगी :
(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 12,000 (C) ₹ 16,000 (D) ₹ 24,000

**94.** पूंजी पर ब्याज सम्बन्धी समायोजन प्रविष्टि करते समय हम जमा करेंगे :
(A) पूंजी खाते की (B) लाभ एवं हानि खाते की
(C) पूंजी पर ब्याज खाते की (D) आहरण खाते की

**95.** A और B भागीदार लाभ और हानि 2 : 1 के अनुपात में बांटते हैं। वे नये भागीदार C को प्रवेश देते हैं जिसको लाभ में 1/5 भाग दिया जाता है। नया लाभ भाग अनुपात होगा :
(A) 8 : 4 : 3 (B) 3 : 2 : 1 (C) 2 : 1 : 1 (D) 4 : 2 : 1

**96.** ख्याति को वर्गीकृत करना चाहिए
(A) चालू सम्पत्ति के रूप में (B) तरल सम्पत्ति के रूप में
(C) अस्थिर सम्पत्ति के रूप में (D) अमूर्त सम्पत्ति के रूप में

**97.** निम्न में से कौन–सा कथन सत्य नहीं है ?
(A) क्रय + प्रारम्भिक स्कन्ध – बचे गए माल की लागत = अन्तिम स्कन्ध
(B) प्रारम्भिक स्कन्ध + क्रय – अन्तिम स्कन्ध = बेचे गए माल की लागत
(C) अन्तिम स्कन्ध + बेचे गए माल की लागत – क्रय = प्रारम्भिक स्कन्ध
(D) बेचे गए माल की लागत – अन्तिम स्कन्ध – क्रय = प्रारम्भिक स्कन्ध

**98.** परिणामों की निष्पत्ति के लिए निम्नलिखित में से सर्वाधिक लोकप्रिय कौन–सा उपागमन (Approach) है ?
(A) अपवाद द्वारा प्रबन्ध (B) पारितोषक पद्धति
(C) उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध (D) परामर्शदाता पद्धति

**99.** अन्य कार्यों के मुकाबले किसी एक कार्य की योग्यता का योजनाबद्ध एवं क्रमबद्ध निर्धारण कहलाता है :
(A) कार्य विश्लेषण (B) कार्य मूल्यांकन
(C) कार्य विनिर्देशन (D) कार्य विवरण

**100.** निम्नलिखित में से कौन–सा कारक मजदूरी एवं वेतन संरचना को प्रभावित नहीं करता है ?
(A) मांग और पूर्ति (Demand and supply)
(B) निर्वाह व्यय (Cost of living)
(C) कार्य आवर्तन (Job rotation)
(D) कार्य अपेक्षाएं (Job requirements)

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 51. (B) | 52. (A) | 53. (B) | 54. (B) | 55. (D) | 56. (B) | 57. (C) | 58. (A) | 59. (A) | 60. (C) |
| 61. (C) | 62. (B) | 63. (A) | 64. (B) | 65. (A) | 66. (B) | 67. (D) | 68. (B) | 69. (C) | 70. (C) |
| 71. (A) | 72. (A) | 73. (B) | 74. (B) | 75. (D) | 76. (C) | 77. (B) | 78. (D) | 79. (A) | 80. (B) |
| 81. (C) | 82. (B) | 83. (D) | 84. (A) | 85. (C) | 86. (D) | 87. (C) | 88. (C) | 89. (D) | 90. (C) |
| 91. (D) | 92. (C) | 93. (B) | 94. (A) | 95. (A) | 96. (D) | 97. (D) | 98. (C) | 99. (B) | 100. (C) |

SarkariExam.com